अमर उजाला 16-12-2022

# विद्यार्थियों को किया यातायात नियमों के प्रति जागरूक

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज छावनी द्वारा ट्रैफिक पुलिस अंबाला के सहयोग से एनसीसी कैडेट्स गर्ल्स एंड ब्वाय के लिए ट्रैफिक जागरुकता कार्यक्रम हुआ। जिसके अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस अंबाला से करनैल सिंह ने रोड सेफ्टी के बारे में कैडेट्स को जागरूक किया।

कैडेट्स को प्रदूषण, ओवर स्पीड, ड्रिंक एंड ड्राइव और लाइसेंस से संबंधित अनेक जानकारियां दी गई। मौजूद ट्रैफिक पुलिस अंबाला से करनैल सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को वाहन से संबंधित सभी कागजात अपने साथ रखने चाहिए और पकड़े जाने पर भागना नहीं चाहिए, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने कैडेट्स को समझाते हुए कहा कि युवा वर्ग में जोखिम लेने की प्रवृत्ति ज्यादा होती है और इसी वजह से सड़कों पर दुर्घटनाएं भी ज्यादा होती हैं। प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि वह यातायात के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें और अपने आसपास के लोगों को भी यातायात के नियमों की जानकारी दें। सवालों का भी पूर्ण रूप से करनैल सिंह द्वारा जवाब दिया गया। संवाद